पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# योगी सरकार की नई पहल : स्वतंत्रता दिवस पर **UPSDM** ने लॉन्च किया 'कौशल संपर्क' **QR** कोड

## अब युवा सीधे मिशन निदेशक तक पहुंचा सकेंगे अपनी बात, **AI** और सॉफ्ट स्किल्स के लिए दो **MoU**

## कौशलयुक्त युवा बनाएंगे आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश, मुख्यालय में 'कौशल वाटिका' का उद्‌घाटन

लखनऊ, 16 अगस्त 2026।

योगी सरकार ने कौशल विकास को नई तकनीक और पारदर्शिता से जोड़ते हुए स्वतंत्रता दिवस पर एक नई पहल शुरू की है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (UPSDM) मुख्यालय में 80वां स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति और कई नई पहलों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं की बात सीधे मिशन तक पहुंचाने के लिए 'कौशल संपर्क' फत् कोड की शुरुआत की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत मिशन निदेशक पुलकित खरे ने ध्वजारोहण कर की। इसके बाद अधिकारियों और कर्मचारियों ने राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को नमन किया।

इस अवसर पर मिशन निदेशक पुलकित खरे ने कहा कि स्वतंत्रता हमें अपने अधिकारों के साथ अपनी जिम्मेदारियों का भी एहसास कराती है। योगी सरकार उत्तर प्रदेश को कौशल–संपन्न और आत्मनिर्भर बनाने के लिए मिशन के माध्यम से लगातार नई पहल कर रही है। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवाओं को रोजगारपरक कौशल के साथ नई तकनीकों और सॉफ्ट स्किल्स की जानकारी देना जरूरी है। कौशलयुक्त युवा अपने परिवार को आर्थिक रूप से मजबूत करने के साथ प्रदेश के विकास में भी योगदान देता है।

समारोह के दौरान युवाओं को आधुनिक कौशल से जोड़ने के लिए ITP तीव्र एजुकेशन टेक प्राइवेट लिमिटेड और फुल्गोर एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के साथ दो समझौता ज्ञापनों (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए। इन MoU के माध्यम से युवाओं को Artificial Intelligence और Soft Skills का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे उनकी तकनीकी जानकारी के साथ संवाद क्षमता, व्यक्तित्व विकास और रोजगार की तैयारी बेहतर होगी।

प्रशिक्षण की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए 'कौशल संपर्क' QR कोड का शुभारंभ किया गया। ट्रेनिंग सेंटर पर लगे QR कोड को स्कैन करके युवा बता सकेंगे कि ट्रेनिंग कैसी चल रही है, उन्हें क्या अच्छा लगा और क्या बेहतर किया जा सकता है। इसके साथ ही वे अपनी शिकायत या

सुझाव भी दर्ज करा सकेंगे। इस व्यवस्था से प्राप्त फीडबैक सीधे मिशन तक पहुंचेगा, जिससे प्रशिक्षण केंद्रों की निगरानी और गुणवत्ता में सुधार होगा।

मुख्यालय परिसर में 'कौशल वाटिका' का भी उद्घाटन किया गया, जिसका उद्देश्य हरियाली बढ़ाने के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना है।

विश्व युवा कौशल दिवस–2026 के अवसर पर 15 जुलाई को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रमों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर मिशन निदेशक पूजा मिश्रा, संयुक्त निदेशक मयंक गंगवार, वित्त नियंत्रक संदीप कुमार, सहायक निदेशक डॉ. एम.के. सिंह, सहायक निदेशक पवित्रा टंडन, सीओओ आशीष कुमार सहित मिशन के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

---

**सम्पर्क सूत्र– धर्मवीर खरे**

राम यतन/03:40 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in